## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. भारत निर्वाचन आयोग ने अपनी वेबसाइट पर चुनावी बांड पर नया डेटा अपलोड किया, चुनावी बॉन्ड नंबर का खुलासा नहीं करने पर एसबीआई आज सुप्रीम कोर्ट में देगी जवाब।

2. लोकसभा चुनाव को लेकर रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आज कार्यशाला का आयोजन, चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर झारखंड पुलिस की पैनी नजर ।

3. अवैध खनन मामला, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद से आज ईडी करेगी पूछताछ।

4. रांची, गुमला समेत राज्य के कई जिलों में आज आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

5. विश्व तीरंदाजी टीम में टाटा तीरंदाजी अकादमी ,टीएए के छह तीरंदाज का चयन, दीपिका कुमारी चयन ट्रायल में शीर्ष पर।

******************

निर्वाचन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री से प्राप्त चुनावी बांड का डिजिटल डाटा वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। यह डाटा निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। आयोग ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉड से संबंधित डाटा सीलबंद लिफाफे में दिया था और लिफाफे को खोले बिना इन्हें सर्वोच्च न्यायालय को सौंपा गया था। न्यायालय के 15 मार्च के निर्देश के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री ने यह डाटा सील कवर में फिजिकल माध्यम से और पेनड्राइव में चुनाव आयोग को वापस कर दिया है। इधर चुनावी बॉन्ड नंबर का खुलासा नहीं करने पर एसबीआई आज सुप्रीम कोर्ट में जवाब देगी ।

******************

लोकसभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए झारखंड पुलिस भी तैयारियों में जुट गई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर नक्सल अभियान, लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन के साथ–साथ आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की गई। साथ ही इस बार पूर्व के चुनावों में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वाले भी पुलिस की राडार पर हैं। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी अमोल वी होमकर ने सभी एसपी को निर्देश दिया कि वे पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी करने वाले तत्वों को भी चिन्हित करें। इनमें यदि कोई वारंटी है या फरार चल रहा तो उन पर कानूनी कार्रवाई करें। सभी थानों में ऐसे तत्वों की सूची भी तैयार करा कर रखें, ताकि उनपर नजर रखी जा सके। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आदेश दिया है कि सक्रिय अपराधियों के साथ उग्रवादियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

******************

राज्य में निष्पक्ष और निर्भीक लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग तैयारियों में जुटा है। मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और सबकी भागीदारी पर बल दिया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभा–कक्ष में आज लोकसभा आम चुनाव–2024 से संबंधित मीडिया प्रतिनिधियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है।

******************

निवार्चन आयोग ने आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। कैबिनेट सचिव, राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वॉल पेन्टिंग, पोस्टर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्री को हटा लिया जाए। इलेक्ट्रॉनिकी और प्रिंट मीडिया पर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने वाले विज्ञापनों की अनुमति नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला चुनाव अधिकारी किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम के चित्र राज्य सरकार के विभागों की वेबसाइट से तुरंत हटाएंगे।

******************

लोकसभा की चुनावी घोषणा के बाद खूंटी लोकसभा में चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्त्ताओं में जोश भरते हुए भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल की जमकर सराहना की और केंद्र में पूर्व की सरकारों पर निशाना साधा। ये बातें उन्होंने लोकसभा स्तरीय बैठक में कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं।

******************

राजमहल संसदीय क्षेत्र के पाकुड़ जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र पाकुड़ लिट्टीपाड़ा और महेशपुर में स्वतंत्र निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में चुनाव कराने के साथ ही आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने में जिला प्रशासन जुट गया है।

******************

पूर्व सीएम हेमन्त सोरेन के प्रेस सलाहाकार अभिषेक प्रसाद से ईडी के अधिकारी आज पूछताछ करेंगे। अवैध खनन मामले में ईडी ने अभिषेक प्रसाद को समन किया था। अवैध खनन मामले में ही साहिबगंज के पूर्व डीएसपी प्रमोद मिश्रा से कल पूछताछ होगी।

******************

झारखंड पुलिस और सुरक्षा बलों को पश्चिमी सिंहभूम के जंगली क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के खिलाफ सफलता मिली है। गोइलकेरा थाना क्षेत्र से तीन नक्सलियों को गिफ्तार करने के साथ हथियार और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है।

******************

स्टार्टअप महाकुंभ आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरु होगा। यह कार्यक्रम 20 मार्च तक चलेगा। इस आयोजन में विभिन्न स्टार्टअप के अलग–अलग पवेलियन होंगे। इस महाकुंभ का उद्देश्य पूंजीपतियों और निवेशकों को भारतीय व्यापार के साथ जोड़ना है।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज तेज आंधी के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले तीन दिन गरज के साथ बारिष और कहीं –कहीं वज्रपात होने के आसार हैं। पश्चिम बंगाल में बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है।

******************

तीरंदाजी विश्वकप में टाटा तीरंदाजी अकादमी से जुड़े छह तीरदांजो ने जगह बना ली है। महिला रिकर्व तीरदांजी के चारों सीटों पर टीएए के धनुर्धरों ने कब्जा जमाया है। सोनीपत में आयोजित चयन ट्रायल के बाद अंतिम टीम की घोषणा की गई। सोनीपत में आयोजित चयन ट्रायल में विश्व की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है।

******************

- सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित आरएसबी ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में कल एक तेंदुआ घूमता हुआ पाया गया है । वन विभाग की टीम तेंदुए को रेस्क्यू करने में जुटी है।
- गोड्डा जिले की पुलिस ने अवैध बालू ढुलाई के खिलाफ कार्रवाई की है। बगैर चालान बालू ढुलाई के आरोप में गोड्डा नगर थाना की पुलिस ने तीन वाहनों को पकड़कर जिला खनन पदाधिकारी को रिपोर्ट किया है।
- सरायकेला खरसावां जिले में उत्कल सम्मेलनी, आदित्यपुर की ओड़िआ मध्य विद्यालय के सभा कक्ष में बैठक हुई । इसमें ओड़िया भाषा के उत्थान के लिए ओड़िया अकादमी गठित करने के निर्णय की सराहना की गई।

- बोकारो जिला इकाई द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवारा) के उपलक्ष्य में प्रान्तीय महिला अधिवक्ता सम्मेलन सह संगोष्ठी "राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति न्यायाधीश डॉ एस एन पाठक मौजूद रहे।
- हजारीबाग इस्कॉन सेंटर में गौर पूर्णिमा के अवसर पर पुष्प होली का आयोजन किया गया।

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेपीएससी सिविल सर्विस पीटी में अभ्यर्थियों के कथित पेपर लीक के आरोप और हंगामे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है – जेपीएसएसी पीटीः परीक्षार्थियों ने पेपर लीक का लगाया आरोप, जिलों ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से किया इनकार।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पेपर लीक की आशंका में छात्रों का हंगामा, परीक्षा का किया बहिष्कार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– यूजीसी ने कहा– सीयूईटी– यूजी परीक्षा में कोई बदलाव नहीं

हिन्दुस्तान लिखता है – महारैलियों से सियासी समर का आगाज ।

रांची एक्सप्रेस लिखता है –झारखंड में 19 मार्च तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट, वज्रपात की भी चेतावनी।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है–राज्यपाल ने कहा– विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही देश की अर्थव्यवस्था।

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर इलेक्टोरल बॉन्ड का नया डेटा जारी, द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

******************